डॉ. राजेंद्र प्रसाद

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में राष्ट्रपति ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद कौन थे?

- डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर, 1884 को बिहार के सिवान ज़िले के जीरादेई में हुआ था।
- वह बिहार में **चंपारण सत्याग्रह (1917)** के दौरान **महात्मा गांधी** के साथ जुड़े थे।
- डॉ. प्रसाद ने **1918 के रॉलेट एक्ट और 1919 के** जलियाँवाला बाग हत्याकांड पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।
  - डॉ. प्रसाद ने **गांधीजी के असहयोग आंदोलन** के तहत बिहार में असहयोग का आह्वान किया।
- उन्होंने वर्ष 1930 में बिहार में **नमक सत्याग्रह** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके कारण उन्हें कारावास भी हुआ।
- वह आधिकारिक तौर पर वर्ष **1911 में कलकत्ता में आयोजित अपने वार्षिक सत्र के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस** में शामिल हो गए।
  - वर्ष 1946 में वे **पंडित जवाहरलाल नेहरू** की अंतरिम सरकार में खाद्य और कृषि मंत्री के रूप में शामिल हुए तथा "अधिक अन्न उगाओ" का नारा दिया।
- उन्होंने 26 जनवरी, 1950 से (जब देश ने अपना **संविधान** अपनाया था) 13 मई, 1962 तक भारत के पहले राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया और सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले राष्ट्रपति का रिकॉर्ड अपने नाम किया।
- 26 जनवरी, 1950 को वे भारत के प्रथम राष्ट्रपति चुने गए। राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने 12 वर्षों से अधिक समय तक सेवा की, जो उन्हें भारत के इतिहास में **सर्वाधिक समय तक कार्यरत** राष्ट्रपति के रूप में दर्शाता है।
- डॉ. प्रसाद को वर्ष **1962 में** भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कई किताबें लिखीं, जिनमें **"सत्याग्रह एट चंपारण," "इंडिया डिवाइडेड" तथा उनकी "आत्मकथा" शामिल हैं।**
- 28 फरवरी, 1963 को उनका निधन हो गया।

//

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष का प्रश्न

प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2010)

1. डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने महात्मा गांधी को किसानों की समस्या की जाँच के लिये चंपारण आने के लिये राजी किया।
2. आचार्य जे.बी.कृपलानी चंपारण जाँच में महात्मा गांधी के सहयोगियों में से एक थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dr-rajendra-prasad-2